


## मेदवेदेव ने तोड़ा सपना

पिछले 52 वर्ष में एक कैलेंडर वर्ष में चारों ग्रैंडस्लैम जीतने वाले पहले पुरूष खिलाड़ी बनने का नोवाक जोकोविच का सपना डेनिल मेदवेदेव ने तोड़ दिया, जिन्होंने अमेरिकी ओपन फाइनल में दुनिया के इस नंबर एक खिलाड़ी को हराया। मेदवेदेव ने आश्चर्यजनक रूप से एकतरफा रहे फाइनल में 6–4, 6–4, 6–4 से जीत दर्ज की। इसके साथ ही जोकोविच को रेकॉर्ड 21वां ग्रैंडस्लैम जीतने के लिए अभी और इंतजार करना होगा।

## घर में बर्तन धो रहे दुनिया के नंबर एक टेनिस खिलाड़ी

**एजेंसी (वेब वार्ता न्यूज)** न्यू जर्सी। नोवाक जोकोविच दुनिया के नंबर एक टेनिस खिलाड़ी हैं। टॉप–10 अमीर खिलाड़ियों में शुमार इस ऐथलीट के पास किसी चीज की कोई कमी नहीं। करोड़ों के महल में रहते हैं। बेशकीमती गाड़ी में घूमते हैं। मगर इसी आलीशान जिंदगी से जुड़ा एक वीडियो सोशल मीडिया पर तेजी से वायरल हो रहा है। जहां नोवाक जोकोविच किचन में बर्तन धोते नजर आ रहे हैं। 20 बार के ग्रैंडस्लैम चैंपियन जोकोविच की पत्नी जेलेना ने यह वीडियो ट्विटर पर बीते दिनों अपलोड किया था। जिन खूबसूरती से नोवाक कोर्ट पर रैकेट चलाते हैं उतने ही करीने से वह अपने न्यू जर्सी स्थित आवास पर बर्तन मांजते देखे जा सकते हैं। भले ही कई लोगों को यह हैरान करने वाला दृश्य लगे, लेकिन 34 वर्षीय यह सुपरफिट ऐथलीट ऐसे ही अपनी पारिवारिक जिम्मेदारी निभाता है। वीडियो यूएस ओपन के दौरान का है। एक मिनट 13 सेकेंड के इस वीडियो को पोस्ट करते हुए जेलेना ने मजेदार कैप्शन लिखा है। श्नोवाक की तीसरी शिफ्ट, इस तरह देर रात मैच के बाद नोवाक साधना करते हैं।

# आईपीएल में उपकप्तानी कर चुके हैं सूर्यकुमार यादव

क्रिकेट

## टी–20 करियर की पहली बॉल पर छक्का उड़ाने वाले पहले भारतीय

**एजेंसी (वेब वार्ता न्यूज)**

नई दिल्ली। धाकड़ भारतीय बल्लेबाज सूर्यकुमार यादव आज 31 साल के हो गए। देसी मिस्टर 360 कहलाए जाने वाले सूर्या अपने इनोवेटिव शॉट्स के लिए पहचाने जाते हैं। तकनीकी रूप से भी मुंबई का यह बल्लेबाज उतना ही दक्ष है। शॉर्ट फॉर्मेट में टीम के स्थायी सदस्य बन चुके सूर्यकुमार का यह सफर इतना आसान भी नहीं था। संघर्ष और उनके मेहनत की कहानी किसी भी युवा खिलाड़ी के लिए मोटिवेशन है। आइए जानते हैं उनके करियर से जुड़े कुछ ऐसे दिलचस्प पहलू जो कम ही लोगों को पता होगा।

इंग्लैंड के खिलाफ घरेलू टी–20 सीरीज के दूसरे मैच में सूर्यकुमार को डेब्यू का मौका मिला। मगर बल्लेबाजी का मौका नहीं मिला। आगे भी इसकी उम्मीद नहीं लग रही थी, लेकिन ईशान किशन के



चोटिल होते ही उन्हें प्लेइंग इलेवन में फिर मौका मिला। इस चांस को उन्होंने दोनों हाथों से भुनाया। अपने करियर की पहली ही बॉल पर छक्का ठोक दिया। यह अपने आप में एक रेकॉर्ड है। आजतक कोई भी भारतीय बल्लेबाज टी–20 में ऐसा कमाल नहीं कर पाया था। 31 बॉल पर 57 रन ठोकते हुए वह मैन ऑफ द मैच भी बने।

2018 में मुंबई इंडियंस जॉइन करने से पहले सूर्यकुमार कोलकाता नाइटराइडर्स में हुआ करते थे। बेहद कम ही लोगों को पता होगा कि वहां चार सीजन गुजारने वाले सूर्या तीन साल तक टीम के उपकप्तान थे। तब 2016 और 2017 में टीम दूसरे दौर तक भी पहुची थी। मगर 2018 में केकेआर ने गौतम गंभीर और सूर्यकुमार दोनों को टीम से रीलिज निकाल दिया। यह हैरानी भरा फैसला था। बाद में मेगा ऑक्शन में सूर्यकुमार को जरूर खरीदने की कोशिश हुई, लेकिन मुंबई ने उन्हें 3.2 करोड़ की भारी–भरकम राशि में खरीदा।

**आईपीएल से पहले जीती चैंपियंस लीगः** सूर्यकुमार यादव के नाम एक और दिलचस्प रेकॉर्ड है। वह आईपीएल ट्रॉफी से पहले ही चैंपियंस लीग टाइटल उठाने वाले खिलाड़ी हैं। 2012 में आईपीएल डेब्यू करने वाले सूर्या अगले ही साल चैंपियंस लीग टी–20 जीत गए। फाइनल में मुंबई की ओर से खेलते हुए उन्होंने 24 रन बनाए थे। खिताबी मुकाबले में आरसीबी को 31 रन से हार मिली। दो साल बाद उन्होंने मुंबई के साथ अपना पहला आईपीएल टाइटल जीता। 2014 में चेन्नई को हराकर चैंपियन बनने वाली केकेआर टीम के मेंबर थे।

# गंभीर ने कहा– पंजाब के इस बल्लेबाज का बेस्ट आना अभी बाकी

**एजेंसी (वेब वार्ता न्यूज)**

नई दिल्ली। यूएई आइपीएल 2021 के पार्ट–टू के आयोजन के लिए पूरी तरह से तैयार है और इसकी शुरुआत 19 सितंबर से होगी। इस कैश–रिच लीग में कई नए चेहरे भी दिखेंगे जिन्हें कई उन प्लेयर्स की जगह शामिल किया गया है जिन्होंने पार्ट–टू से अपना नाम वापस ले लिया। इसमें दिल्ली कैपिटल्स पहले नंबर पर है तो वहीं पंजाब किंग्स छठे स्थान पर मौजूद है। वहीं इस लीग की अब तक कि अंकतालिका की बात करें तो

पहले हाफ में केएल राहुल की कप्तानी वाली पंजाब टीम का प्रदर्शन ज्यादा अच्छा नहीं था और अब ये टीम जरूरत वापसी करना चाहेगी। हालांकि कप्तान



केएल राहुल आइपीएल फेज वन में अपनी टीम के लिए लगातार अच्छा प्रदर्शन करने वालों में से एक थे। अब टीम इंडिया के पूर्व ओपनर बल्लेबाज गौतम गंभीर ने केएल के प्रदर्शन को लेकर काफी कुछ कहा। स्टार स्पोर्ट्स के शो गेम प्लान में बात करते हुए गंभीर ने कहा कि, अभी दुनिया ने केएल राहुल का बेस्ट नहीं देखा है। गंभीर को लगता है कि, केएल एक सीजन में 2–3 शतक लगाएंगे और जिस तरह का सीजन साल 2016 में विराट कोहली का रहा था उसी तरह से राहुल का भी एक सीजन तो ऐसा जरूर होगा। कोहली ने साल 2016 में आरसीबी के लिए कुल 973 रन बनाए थे।

गंभीर ने कहा कि, हमने केएल राहुल का सर्वश्रेष्ठ प्रदर्शन नहीं देखा है। हां, उसके पास रन हैं, लेकिन हमने अभी तक नहीं देखा है कि वह अपनी बल्लेबाजी में क्या हासिल कर सकते हैं। उनका एक सीजन वैसा हो सकता है जैसा कि विराट कोहली ने एक बार किया था। वह सफेद गेंद वाले क्रिकेट में उस तरह का खिलाड़ी है, जो एक सीजन में 2–3 शतक बना सकता है और वो भी बहुत अच्छी स्ट्राइक रेट से। और मुझे उम्मीद है कि ऐसा होगा क्योंकि यह पंजाब किंग्स के लिए निराशाजनक रहा है।

## मजबूरी में टूर्नामेंट से हटे क्रिस वोक्स, आईपीएल और एशेज में से कोई एक ही चुनना था

**एजेंसी (वेब वार्ता न्यूज)** नई दिल्ली। ऑलराउंडर क्रिस वोक्स ने स्वीकार किया कि उन्हें इंग्लैंड के व्यस्त कार्यक्रम, जिसमें टी–20 विश्व कप और एशेज टूर शामिल है, उसमें शामिल होने के लिए आईपीएल के दूसरे चरण से हटना पड़ा। दिल्ली कैपिटल्स ने सोमवार को कहा था कि वोक्स निजी कारणों की वजह से इस टूर्नामेंट से हटे हैं। फ्रेंचाइजी ने फिर बताया कि उन्होंने वोक्स के रिप्लेसमेंट के तौर पर ऑस्ट्रेलिया के बेन ड्वारशुइस को साइन किया है। आईपीएल 2021 के दूसरे चरण का आयोजन रविवार से यूएई में होना है। इसका फाइनल मुकाबला 15 अक्टूबर को होगा और इसके आठ दिन बाद ही इंग्लैंड को टी–20 विश्व में विंडीज के खिलाफ अपने अभियान की शुरुआत करनी है। द गार्जियन के हवाले से वोक्स ने कहा, 'टी–20 विश्व की टीम में मैं शामिल हुआ। आईपीएल हमारे समर के अंत में पुनर्निर्धारित किया गया। विश्व कप और एशेज को देखते हुए समय कम है। मुझे आईपीएल का हिस्सा होना अच्छा लगता, लेकिन कुछ खोना भी पड़ता है।

## न्यूज डायरी



## अस्थायी कोच हो सकते हैं राहुल द्रविड़, शास्त्री के हटने के बाद का प्लान

**एजेंसी (वेब वार्ता न्यूज)** नई दिल्ली। वर्ल्ड टी–20 के बाद टीम इंडिया के मौजूदा हेड कोच रवि शास्त्री और उनके सपोर्टिंग स्टाफ का कार्यकाल खत्म होने जा रहा है। भारतीय क्रिकेट बोर्ड कॉन्ट्रेक्ट बढ़ाने के मूड में नहीं है। ऐसे में नए कोच की तलाश तेज हो चुकी है। इस मसले पर बीसीसीआई के मुखिया और पूर्व कप्तान सौरव गांगुली का एक बयान तेजी से वायरल हो रहा है। दादा की मानें तो राहुल द्रविड़ टीम के अस्थायी कोच हो सकते हैं। सौरव गांगुली कहते हैं, श्मुझे पता है कि वह इस जॉब का इच्छुक नहीं है, उसे कोई दिलचस्पी नहीं है, लेकिन अभी मैंने उनसे बात भी नहीं की है। जब हम इस पर आएंगे तो देखेंगे।श गांगुली ने ये सारी बातचीत द टेलीग्राफ से की। जब इस साल श्रीलंका दौरे पर राहुल द्रविड़ बतौर कोच टीम के साथ भेजे गए तभी से कयास लगाए जा रहे थे कि उन्हें बड़ी जिम्मेदारी के लिए तैयार किया जा रहा है। और नवंबर में शास्त्री की विदाई होते ही राहुल द्रविड़ जिम्मेदारी संभाल लेंगे।

## मैं यहां पर गालियां खाने नहीं आया हूं, मीडिया पर भड़के रमीज रजा

**एजेंसी (वेब वार्ता न्यूज)** लाहौर। पाकिस्तान क्रिकेट में लंबे अरसे बाद बदलाव हुआ है। पूर्व कप्तान और मशहूर कमेंटेटर रमीज रमा पाकिस्तान क्रिकेट बोर्ड यानी PCB के नए अध्यक्ष बनाए गए हैं। आते ही उनका प्रभाव भी दिखने लगा। पहले वर्ल्ड टी–20 के लिए उन्होंने अपनी सोच के मुताबिक युवाओं को टीम में चुना फिर कोच स्टाफ में भी फेरबदल कर दिए। हेड कोच मिस्बाह–उल–हक और बोलिंग कोच वकार यूनिस को हटा दिया। पूर्व खतरनाक ऑस्ट्रेलियाई बल्लेबाज मैथ्यू हेडन और इंग्लिश पेसर को वार्नेन फिलेंडर को भी कोचिंग स्टाफ में रखा। इस बीच उनका एक और वीडियो वायरल हो रहा है। रमीज रजा के भड़कने की वजह पता नहीं लग पाई है। पाकिस्तान के लिए 198 वनडे और 57 टेस्ट खेलने वाले पूर्व दिग्गज वायरल वीडियो में कहते हैं, श्मैं यहां पर हरगिज गालियां खाने नहीं आया हूं। देखिए, मेरे और मेरे भाई के नाम पर यहां गद्दाफी स्टेडियम में एक एन्क्लोजर है।

## आईपीएल में सबसे ज्यादा विकेट लेने वाले गेंदबाजों की पूरी लिस्ट

**एजेंसी (वेब वार्ता न्यूज)** नई दिल्ली। आइपीएल 2021 के दूसरे हिस्से की शुरुआत 19 सितंबर से यूएई में होगी। एक तरफ जहां इस लीग में फिर से बल्लेबाज ज्यादा से ज्यादा रन जुटाने की कोशिश में रहेंगे तो वहीं गेंदबाजों की भी कोशिश होगी कि वो अपनी टीम के लिए ज्यादा से ज्यादा विकेट चटकाएं। आइपीएल के इस सीजन में भी हर टीम के पास एक से बढ़कर एक गेंदबाज हैं जिनकी कोशिश होगी कि वो अपनी टीम के लिए खूब शानदार प्रदर्शन करें और ज्यादा से ज्यादा विकेट हासिल करें। आइए अब हम बात करते हैं आइपीएल में अब तक के उन गेंदबाजों की जिन्होंने एक टीम के खिलाफ सबसे ज्यादा विकेट लेने में सफलता हासिल की है। इंडियन प्रीमियर लीग की आठों फ्रेंचाइजी के खिलाफ अलग–अलग गेंदबाजों ने सबसे ज्यादा विकेट लिए हैं।

## आईपीएल पार्ट 2 के अपने पहले मैच में आरसीबी क्यों पहनेगी नीली जर्सी

**एजेंसी (वेब वार्ता न्यूज)** दुबई। इंडियन प्रीमियर लीग (आइपीएल) फ्रेंचाइजी रॉयल चैलेंजर्स बैंगलोर (आरसीबी) 20 सितंबर को कोलकाता नाइट राइडर्स (केकेआर) के खिलाफ मैच में नीली जर्सी पहन उतरेगी। आरसीबी ऐसा क्यों कर रही है, इसके पीछे बहुत ही नेक कारण है। दरअसल, कोविड–19 नायकों और फ्रंटलाइन कार्यकर्ताओं को श्रद्धांजलि देने के इरादे से आरसीबी के खिलाड़ी आइपीएल 2021 पार्ट 2 के अपने पहले मैच में नीली जर्सी पहनकर उतरेंगे। यह घोषणा मंगलवार को आरसीबी के आधिकारिक ट्विटर अकाउंट पर की गई। आरसीबी ने अपने ट्वीट में कहा है, श्आरसीबी 20 तारीख को केकेआर के खिलाफ ब्लू जर्सी पहनेगी। हम आरसीबी में ब्लू किट को स्पोर्ट करने के लिए सम्मानित हैं।